**जयंती** ▶ मां कर्मा देवी की जयंती पर मध्यप्रदेश साहू समाज एवं महिला इकाई जबलपुर द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित

# मां कर्मा देवी का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश साहू समाज, पुरुष वर्ग एवं महिला इकाई द्वारा संत शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विजय नगर के अग्रोहा होटल में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व तेलघानी बोर्ड ( कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ) रविकरण साहू द्वारा मां कर्मा देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से एवं आरती से हुआ । इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को भक्तिमय और आनंदमय कर दिया।

इस अवसर पर महिला इकाई की अध्यक्ष वर्षा साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मां कर्मा देवी का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों को अपनाकर समाज को संगठित और सशक्त बनाया जा सकता है।




वहीं संरक्षक सावित्री साहू, उपाध्यक्ष इंदु गोल्हानी, एकता साहू, रीता साहू, उर्मिला साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी समाज में शिक्षा, संस्कार और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया।

### सक्रिय महिलाओं का किया गया सम्मान

समारोह के दौरान समाज की सक्रिय महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। मंच पर उपस्थित पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की भागीदारी रही, जिससे आयोजन में उत्साह और सामाजिक एकता का वातावरण बना रहा। अंत में प्रसाद वितरण एवं आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन में अनुशासन, भक्ति और सामाजिक समरसता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

### इनका कहना है



जबलपुर से पखवाड़ा कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चालू किया गया और 13 मार्च से भव्य शोभायात्रा के रूप में इसकी शुरूआत हुई । मां कर्मा जयंती को मना कर समाज को एकता का संदेश दिया ।

**रविकरण साहू, मुख्य अतिथि**



यह जयंती साल मै एक बार मनाई जाती है । जगन्नाथ पुरी में जो भात खिचड़ी बांटी जाती है वो कर्मा बाई द्वारा ही भगवान कृष्ण को खिलाई गई थी । इसमें बाकी बेसन के लड्डू का भी वितरण किया जाता है ।

**सावित्री साहू, प्रांतीय महिला अध्यक्ष**



इस कर्मा जयंती की शुरूआत हम मां की आरती , भोग और पूजन से शुरूआत करेंगे । और हमारी महिला मंडल में 60-70 महिलाएं है।

**वर्षा साहू**



कर्मा देवी जयंती हमको यह संदेश देती है कि एक अज्ञानी व्यक्ति भी मां की आराधना करके ज्ञानी व्यक्ति बनता है।

**जया साहू**



यह हमारा पारंपरिक त्योहार है , क्योंकि इस दिन मां कर्मा देवी का जनम हुआ था ।

**इंदु साहू**



यह हमारी समाज की एक महिला थी , जो कृष्ण जी की बहुत अच्छी भक्त थी । इन्होंने कृष्ण जी की तपस्या करी और भगवान स्वयं उनका भोग ग्रहण करते थे।

**साधना साहू**




# श्रीराम कथा के माध्यम से गूंजेगी समरसता की मंत्र ध्वनि

▶ पद्म विभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर, जगद्गुरु रामानंदाचार्य, स्वामी रामभद्राचार्य महाराज करेंगे श्रीरामकथा की रसवर्षा

**नवभारत,जबलपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के समरस एवं समर्थ भारत की पावन संकल्पना को ध्येय मान कर वैचारिक तपस्या कर रहे विश्व वंदित तुलसी पीठाधीश्वर चित्रकूट के पद्मविभूषण, जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज आगामी 5 से 13 अप्रैल तक अवधपुरी आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर गौरीघाट में श्रीराम कथा की रस वर्षा से संस्कारधानी वासियों को अभिसिंचित करेंगे। महाराजश्री की तत्वमयी कथा का विषय 'राम जनम जग मंगल हेतु' होगा। ये संयोग ही है कि यह दिव्य संदेशवाहक पावन श्रीराम कथा उस समरसता सेवा संगठन के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है, जिसकी आधारशिला स्वयं पूज्य महाराजश्री द्वारा तीन वर्ष पूर्व 13 अप्रैल 2023 को रखी गई थी। कथा के समापन दिवस पर 13 अप्रैल को समरसता सेवा संगठन का वार्षिकोत्सव भी महाराजश्री की संन्निधि में मनाया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी अवधपुरी नाम से सुसज्जित विशाल कथा पंडाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजक समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने पत्रकारों को दी। पत्रकार वार्ता में श्री जैन ने कथा की दिव्यता-भव्यता और उसके सामाजिक उद्देश्यों की जानकारी देने के साथ ही समरसता सेवा संगठन के तीन तीन वर्षीय समयावधि की विकास यात्रा की भी चर्चा की। श्री जैन ने बताया कि किस तरह पूज्य महाराजश्री की दिशा दर्शना के तहत समरसता सेवा संगठन इन तीन वर्षों में समरसता की अलख जगाते हुए प्रकृति सेवा, विचार सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ा है।

### श्रीराम सबके सब श्रीराम के

श्री जैन ने कहा कि हम अपने वेदांत दर्शन सहित संतों के श्रीमुख से सदैव सुनते आए हैं कि प्रभु श्रीराम सबके हैं, और सभी श्रीराम के हैं। वस्तुत: यही भारतीय मनीषा का मुख्य सिद्धांत भी है। इस विचार और सिद्धांत का साकार स्वरूप अवधपुरी कथा पंडाल में देखने मिलेगा। उन्होंने बताया कि सभी वर्ग-समाज और जातियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति बतौर 'यजमान' कथा पंडाल में रहेगी। अब तक 35 से अधिक समाजों के प्रतिनिधि बतौर यजमान श्रीराम कथा में स्वमेव शामिल होने की जानकारी प्राप्त है।

**एक नजर में**

## डॉ . जीके मल्होत्रा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड




**नवभारत,जबलपुर।** उत्कृष्ट मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य उत्थान कार्य के लिए जबलपुर स्त्री रोग एवं प्रसूति संघ द्वारा डॉ. जी. के. मल्होत्रा (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ )को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से नवाजा गया है। संगठन की प्रेसिडेंट डॉ राखी बाजपेई एवं सेक्रेटरी डॉ कोमल जैन के हाथों जेओजीएस वार्षिक सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया है। विदित हो कि डॉ. जी. के. मल्होत्रा जबलपुर की एक अत्यंत अनुभवी एवं सम्मानित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने अपने लंबे चिकित्सा जीवन में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने लेडी एल्गिन अस्पताल जबलपुर में अधीक्षक तथा रीजलन हेल्थ एवं फैमिली वेलफेयर टेनिंग सेंटर में प्राचार्य के रूप में सेवाएं दीं। विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रशिक्षण, सर्वेक्षण एवं मार्गदर्शन देकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार को अपना प्रमुख उद्देश्य बनाकर समाज में जागरूकता फैलाने हेतु अनेक अभियान, पोस्टर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए।जबलपुर ऑब्स्ट्रिटिक्स एवं गायन्कोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से मिला सम्मान डॉ जीके मल्होत्रा के आजीवन समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं का प्रतीक है।

## भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में जबलपुर से सिर्फ 2 को मिली जगह



**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के एप्रूवल के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने 56 पदाधिकारियों की प्रदेश कार्यकारिणी सूची जारी कर दी है। इस सूची में जबलपुर से सिर्फ दो नामों को चयनित किया गया है जिसमें योगेंद्र सिंह ठाकुर को प्रदेश उपाध्यक्ष का और जय रोहाणी को शोध एवं नीति प्रभारी बनाया गया है। विदित हो कि जबलपुर से प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल होने के लिए और भी कई नाम जोर मार रहे थे लेकिन भाजपा के स्थानीय दिग्गजों का आशीर्वाद ना मिलने के कारण उन्हें स्थान नहीं मिल पाया। सूची जारी होने के बाद भाजपा के ऐसे तमाम नेता नाखुश नजर आए जो कि प्रदेश कार्यकारिणी में किसी न किसी पद को लेकर आस लगाए बैठे थे। वहीं श्याम टेलर के शहर आगमन पर जिन नेताओं ने खूब ऊर्जा दिखाई थी वह भी जारी सूची के बाद मन उदास करके बैठ गए हैं।

## श्रीकांत साहू बने प्रदेश सह मीडिया प्रभारी



वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से श्रीकांत साहू को भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इसके पूर्व श्रीकांत जबलपुर जिला मीडिया प्रभारी के रूप में भाजपा को सेवाएं दे रहे थे। जानकारी के अनुसार भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने आधिकारिक तौर से सूची जारी कर ये स्पष्ट किया है कि श्रीकांत साहू को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## आवारा कुत्तों के आतंक से दिलाई जाए निजात

**नवभारत,जबलपुर।** भीमनगर ग्वारीघाट के रहवासियों ने मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम को शिकायत सौंपकर मांग की है कि क्षेत्र में मौजूद आवारा कुत्तों से उन्हें निजात दिलाई जाए। क्योंकि आवारा कुत्तों का क्षेत्र में आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। भीमनगर ग्वारीघाट निवासी एमके शर्मा, खुशी, प्रभात शुक्ला, राजकुमार तिवारी, विमला मेहदेले, रूपेश गुप्ता, सपना रजक सहित अन्य द्वारा की गई शिकायत में ये भी बताया गया है कि उनके क्षेत्र में रहने वाली विमला गुरूंग पति विशाल गुरूंग अनाथ कुत्तों को खाना खिलाकर प्रचलित मापदंड एवं प्रचलित कानून का पालन नहीं कर रहे हैं आलम ये है कि आवारा कुत्तों का मल मूत्र लोगों के दरवाजे तक पहुंच रहा है। जबकि कॉलोनी में कई लोग अतिरक्तचाप एवं डायबिटीज जैसी बीमारी से ग्रसित हैं।

# प्रभु यीशु की क्रूस दुखमयी यात्रा का हुआ सजीव मंचन

▶ गुड फ्राइडे: होली ट्रिनिटी चर्च ने निकाली क्रूस यात्रा



**नवभारत,जबलपुर।** ज़मीं रो उठी आसमां रो उठा, हमारा मसीह क्रूस उठा के चला.... येरुसलेम की गली गली में, हुजूम सा है जिसने सलीब उठाया, अपना लहू बहाया... रोता है सारा जहां, प्यारे मसीहा कहां हे मेरे लोगों मैने तुम्हारा क्या बिगाड़ा, क्रूसित येसु की सुन ले पुकार जैसे दु:ख भरे गीत गाते हुए शुक्रवार को नगर के मुख्य मार्गों पर मसीही समुदाय का चार हज़ार से भी अधिक विश्वासियों का विशाल हुजूम उमड़ पड़ा। ये अवसर था पुण्य शुक्रवार अर्थात गुड फ्राइडे का जहां बालक यीशु के तीर्थस्थल होली ट्रिनिटी चर्च द्वारा प्रभु यीशु के दु:ख भोग एवं क्रूस की दु:खमयी यात्रा का सजीव मंचन किया गया। क्रूस यात्रा प्रात: 7.30 बजे चर्च प्रांगण से प्रारंभ हुई।

क्रूस यात्रा में प्रभु यीशु द्वारा पिता परमेश्वर से प्रार्थना के दृश्य से लेकर, गेतसमनी बाग में येसु की प्राणपीड़ा, प्रार्थना के दृश्य सहित यूदस द्वारा येसु का चुम्बन करके रोमन साम्राज्य के सैनिकों द्वारा पकड़वाया जाना, कैफस के सामने येसु की पेशी, रोमन राज्यपाल पोंतुस पिलातुस के महल में येसु को पेश कर उन पर कोड़े बरसाए जाने का दृश्य तथा वहीं पर यीशु को क्रूस की सजा दी जाती है। यीशु भारी भरकम क्रूस को उठाकर लड़खड़ाते कदमों से आगे बढ़ते हैं। इस दौरान यीशु मार्ग में थककर तीन बार गिर जाते हैं। उस दुर्गम मार्ग पर यीशु की माता मरियम उनसे भेंट करके उन्हें सहारा देती हैं। सिरनी निवासी सिमोन उनको क्रूस ढोने में क्षणिक सहायता देते हैं। किंतु वो भी अधिक समय तक उनकी सहायता नहीं कर पाता। एक धर्मी स्त्री वेरोनिका यीशु का लहूलुहान और घावों से भरे चेहरे को रुमाल से पोंछती हैं। ऐसे दुरूह तथा दुर्गम पथरीले, कंटीले मार्ग पर येसु से मिलकर येरुसलम की स्त्रियां रोती हैं, विलाप करती हैं। यीशु कहते हैं मेरे लिए मत रोओ अपने लिए और अपनी संतान के लिए रोओ। यह यात्रा भंवरताल उद्यान, रसल चौक, राजीव गांधी चौक, नगर निगम एवं बस स्टैंड होते हुए सेंट नार्बट स्कूल के सामने से गुजरकर पुन: चर्च प्रांगण में पहुंची, जहां क्रूस आरोहण के साथ इसका समापन हुआ। क्रूस यात्रा के दौरान प्रभु यीशु के जीवन के अंतिम क्षणों का सजीव मंचन किया गया। इसमें रोमी शासक पिलातुस द्वारा दिए गए प्राणदंड से लेकर कलवारी पर्वत पर क्रूस पर चढ़ाए जाने तक की घटनाओं को अत्यंत भावुक तरीके से प्रस्तुत किया गया।

### इन्होंने निभाई भूमिका

क्रूस की दु:खमयी यात्रा में प्रभु येसु की भूमिका एल्विन मैथ्यूस ने, माता मरियम की भूमिका शालिनी एंथोनी ने, पिलातुस की भूमिका जीवेश कपूर ने निभाई। इसके अलावा अन्य कलाकारों में डोमिनिक एंथोनी, एंजलीना, आइविन एंथनी, जेनिस जॉन, एडवर्ड पॉल, एशली लॉरेंस, अंश स्वामी, केविन सैमुअल, सेलविन, फ्लोरी वर्धाचारी, फुल्केरिया खलको, समा पॉल, रॉक पॉल, जूनस मिंज, रोहन स्वामी, सहित रोमी सैनिकों की भूमिका में निखिल चार्ल्स, डेनियल, मार्क पीटर, जॉय रॉबर्ट, एल्विन सिरिल, प्रशांत जोसफ, जॉर्ज नीरज, हर्षैल सबेरियो आदि रहे। क्रूस की दु:खमयी यात्रा का निर्देशन बर्नार्ड जॉर्ज ने किया साथ में कला निर्देशक थॉमस जोसफ के साथ जसविंदर कौर, स्टीफन एंथोनी, प्रवीण स्टेनली, प्रभा फ्रांसिस आदि का योगदान रहा।

# 6 .30 लाख करोड़ का लाभ किया प्रदान

▶ घरेलू वित्तीय सुरक्षा के मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा जीवन बीमा उद्योग

Life Insurance Coun[cil] Together in service

**नवभारत,जबलपुर।** भारत का जीवन बीमा क्षेत्र परिवारों की सुरक्षा और दीर्घकालिक वित्तीय नियोजन में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहता है। आईआरडीएआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 के दौरान कुल 6.30 लाख करोड़ का लाभ भुगतान किया। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि जीवन बीमा उद्योग भारतीय परिवारों को जीवन के सभी चरणों में, सुरक्षा से लेकर सेवानिवृत्ति और धन सृजन तक, किस स्तर का समर्थन प्रदान करता है।

'भारत के जीवन बीमाकर्ताओं का परिचालन स्तर, जैसा कि निरंतरता, लाभ भुगतान और सॉल्वेंसी सीमा के प्रमुख आंकड़ों से स्पष्ट है, जीवन बीमा की भूमिका को घरेलू संपत्ति के भंडार के रूप में रेखांकित करता है जो तरलता और दीर्घकालिक स्थिरता दोनों प्रदान करता है।' यह तथ्य कि 92प्रतिशत भुगतान जीवन निर्वाह लाभों के लिए किए गए हैं, उद्योग की भूमिका को न केवल एक सुरक्षा प्रदाता के रूप में, बल्कि एक दीर्घकालिक वित्तीय भागीदार के रूप में भी उजागर करता है जो परिवारों के लिए वित्तीय निरंतरता सुनिश्चित करता है। भारत की जीवन बीमा कंपनियों के व्यावसायिक दर्शन को समझाते हुए बीमा जागरूकता समिति के अध्यक्ष कमलेश राव ने यह बात कही।

### जीवन के लक्ष्यों को पूरा करने में मददगार

कुल भुगतान किए गए लाभों में से 2 .33 लाख करोड़ निकासी और समर्पण के मद में हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.77प्रतिशत अधिक है। चूंकि निरंतरता अनुपात मजबूत बना हुआ है, यह नियोजित जीवनचक्र निकास का संकेत देता है। पॉलिसीधारक अपने परिवारों को जीवन के लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए धन का उपयोग कर रहे हैं, जैसे कि बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियाँ, अपना खुद का घर खरीदना, विदेश में छुट्टियां मनाना आदि। हालांकि जीवन बीमा को हमेशा से ही वित्तीय सुरक्षा के लिहाज से उच्च सम्मान प्राप्त रहा है, लेकिन अब पॉलिसी के लाभार्थी पॉलिसी से प्राप्त धनराशि का उपयोग अन्य मूल्यवान उद्देश्यों के लिए भी कर रहे हैं।

**धर्म** ▶ 25 वर्षों से जारी है धार्मिक परंपरा, जगह-जगह हुआ अभिनंदन

# हनुमान जन्मोत्सव पर अधारताल में निकली संकट मोचन रथ यात्रा





**नवभारत,जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र अधारताल में पिछले 25 वर्षों से आयोजित हो रही संकट मोचन रथ यात्रा एवं विराट महाआरती शोभा यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ गोहलपुर थाना स्थित श्री हनुमान मंदिर से शाम 7 बजे किया गया, जो रद्दी चौकी, आनंद नगर, धनी की कुटिया, बिरसा मुंडा तिराहा होते हुए श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर अधारताल पहुंची।

यात्रा के दौरान धर्म ध्वजा के साथ आकर्षक झांकियां निकाली गई तथा अश्व घोड़े पर विराजमान संतों के सानिध्य में विभिन्न अखाड़ों द्वारा शौर्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण मार्ग में विभिन्न स्वागत मंचों के माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा रथ यात्रा का भव्य स्वागत एवं पूजन.अर्चन किया गया। श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर पहुंचने पर महाआरतीए पूजन.अर्चन एवं प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं हनुमान भक्त उपस्थित रहे।


इस धार्मिक आयोजन में अंचल सोनकर, भरत सिंह यादव, राकेश सोनकर, जगत बहादुर सिंह, अशोक रोहाणी, लखन घनघोरिया, अभिलाष पाण्डेय, प्रभात साहू, रिंकू विज, अमित राय, अंजना मनीष अग्रहरी, विमल राय, महेश राजपूत, ऋ षभ यादव, बाबा शरद श्रीवास्तव, किशोर सोनी, आनंद पारे, योगेश सिंह, रजनीश चौहान, पिंटू पटेल, सतीश साहू, सोनू विश्वकर्मा, शैलेन्द्र बिसेन, पिंटू पाण्डेय, मोनू नामदेव, संजू दीक्षित, करण परसवानी, गौरव दुबे, महेश झारिया, विनय परोहा, पवन लोधी, ऋ षभ मिश्रा, सुमन शुक्ला, हेमराज उपाध्याय, संजय बघेल, भैयालाल अग्रवाल, मनोज भदौरिया, वरुण सिंह, महेंद्र श्रीवास्तव, अनिल सिंह, अंजू ठाकुर, मोनू चौहान, मनोज पटेल आदि मौजूद रहे।

### डीडी धाम संकट मोचन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आयोजन



डी डी धाम संकट मोचन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मालेगांव रांझी में हनुमान प्रकोटउत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर अखंड मानस का पाठ प्रारंभ हुआ फिर उसके समापन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसे बड़ी संख्या में मौजूद भक्तजनों ने ग्रहण किया। मंदिर संस्थापक समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे ने बताया मंदिर निर्माण के आज 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं।इस मौके पर आचार्य पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री एवं मंदिर पुजारी सोमनाथ शुक्ला ,मंदिर समिति की अध्यक्ष सुधा दुबे, प्रीति शुक्ला, नेहा शुक्ला, सुनीता राय,करुणा, बीना, सुमन शर्मा, संगीता कुमारी, सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

### समता कॉलोनी में हुआ भंडारा



श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संकट मोचन परिवार, समता कॉलोनी, शांति नगर द्वारा आकाश गुप्ता, मयंक मिश्रा के संयोजन में समिति के सदस्यों द्वारा भव्य भंडारे एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा एवं नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आकाश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के वातावरण में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा महाआरती में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू, भाजपा नगर महामंत्री रंजीत पटेल, पार्षद कमलेश अग्रवाल, पार्षद मधुबाला राजपूत, आशुतोष दुबे, शंकर श्रीवास्तव, सुधांशु गुप्ता, पुष्पराज पांडे, रोहित जैन, आयुष चौबे, शिवम तिवारी, अर्पित दुबे, अनिकेत चौरसिया, गगन यादव, अंकुर जायसवाल, उमेश यादव के साथ क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया।